प्रेस–नोट

जनपद मथुरा के थाना कोसीकलां क्षेत्रान्तर्गत गांव शेरनगर के पास दिनांक 11.04.2021 को एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। उक्त बरामद शव की शिनाख्त हेतु पुलिस द्वारा किये गये हर सम्भव प्रयास के उपरान्त भी दिनांक 14.04.2021 तक शिनाख्त नही हो सकी। दो दिन तक इंतजार करने के बाद महिला आरक्षी सुश्री शालिनी वर्मा ने पोस्टमार्टम होने के बाद मृतका के शव का मथुरा के ध्रुव शमशान घाट पर विधिवत् रूप से मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया।

थाना कोसीकलां में तैनात महिला आरक्षी सुश्री शालिनी वर्मा द्वारा मानवता की मिसाल पेश कर समाज की कुरीतियों को दरकिनार एवं महिला द्वारा शव का अन्तिम दाह संस्कार न करने के मिथक को तोड़ते हुए एक महिला के लावारिस शव को शमशान घाट पर मौजूद क्रियाकर्म करने वाले पंडितों के रोके जाने पर उक्त महिला आरक्षी द्वारा अपने तर्को से उनको संतुष्ट कर अंतिम संस्कार कर पुलिस विभाग में एक नजीर पेश की है।

श्री नवीन अरोरा पुलिस महानिरीक्षक, आगरा परिक्षेत्र आगरा द्वारा उक्त महिला आरक्षी सुश्री शालिनी वर्मा को उनके द्वारा अपनी ड्यूटी का भली–भॉति निर्वहन करते हुए मानवतापूर्ण कार्य से प्रभावित होकर प्रशस्ति–पत्र देकर उनके कार्य की सराहना कर उज्वल भविष्य की कामना की।

सोशल मीडिया सेल
परिक्षेत्रीय कार्यालय आगरा।